
सुविचार



जो छोटी-छोटी बातों में सच को गंभीरता से नहीं लेता है, उस पर बड़े मसलों में भी भरोसा नहीं किया जा सकता।

-अल्बर्ट आइंस्टीन


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- उधार सिगरेट नहीं दी तो बेल्ट से पीटा II
- बाबा साहेब की जयंती पर उत्साह, मेले जैसा माहौल III
- गोरखपुर फाइनल में, मथुरा से होगी टक्कर IV


## शहर में आज



- मार्टिन पुरवा के बुद्ध मंदिर में डॉ. आंबेडकर सामाजिक एकता मंच की ओर से बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम- 10:00 बजे से।
- विधानसभा के सामने आंबेडकर महासभा परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्म दिवस समारोह-2:00 बजे से।
- गोमतीनगर के पर्वतीय महापरिषद भवन में उत्तराखंड का पौराणिक और पारंपरिक लोक पर्व स्याल्दे बिखौती मेला- 5:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# चार दशक पुरानी योजनाओं में एलडीए बनाएगा गगनचुंबी इमारतें

- वजीर हसन रोड पर 1988 में बनी मल्टीस्टोरी की जाएगी पुनर्विकसित
- पेपर मिल कॉलोनी व कानपुर रोड, सेक्टर-जी के भवनों के लिए भी लाया जाएगा प्रस्ताव
- उपाध्यक्ष ने उप्र शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर में अपनी चार दशक पुरानी आवासीय योजनाओं का स्वरूप बदलेगा। सीमित सुविधाओं के बीच बने जी-प्लस थ्री स्ट्रक्चर का पुनर्विकास करके अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गगनचुंबी इमारतें बनाई जाएंगी। इनमें अधिक से अधिक लोगों को आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। सोमवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अधिकारियों ने पुरानी आवासीय योजनाओं के पुनर्विकास की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि शासन ने हाल में उप्र शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू करके शहरी क्षेत्र में री-डेवलमेंट से विकास व सुविधाओं को उच्चीकृत करने पर जोर दिया है। प्रथम चरण में वजीर हसन रोड, पेपर मिल कालोनी व कानपुर रोड योजना, सेक्टर-जी में वर्षों पहले निर्मित मल्टीस्टोरी भवनों को री-डेवलप करेंगे। हजरतगंज में वजीर हसन रोड पर वर्ष 1988 में मल्टीस्टोरी भवनों का निर्माण हुआ था। योजना में सीमित सुविधाओं के बीच जी प्लस थ्री स्ट्रक्चर के चार टावर में कुल 64 फ्लैट बने हैं। योजना का प्रारंभिक सर्वे कराया था। पता चला कि 60 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो गयी और तीन की आवंटियों के स्तर से लंबित है। जबकि एक फ्लैट अनावंटित है। इन सभी कार्य के प्रस्ताव मांगे हैं।

### पुनर्विकसित भवनों में समायोजित होंगे पुराने आवंटी

- लगभग चार दशक पहले बने भवनों की स्थिति जर्जर है। योजना में नियोजित पार्क व पार्किंग क्षेत्र में अवैध कब्जा है। कई फ्लैटों में मूल आवंटी के स्थान पर अनाधिकृत लोग काबिज हैं। वर्तमान परिवेष में देखे तो यह योजना काफी प्राइम लोकेशन पर है। री-डेवलपमेंट नीति के तहत यहां बहुमंजिला अपार्टमेंट बनने से ज्यादा से ज्यादा फ्लैट बनेंगे। पुराने आवंटियों को पुनर्विकसित भवनों में समायोजित किया जाएगा। इससे उन्हें भी आधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन व सुरक्षित भवनों में रहने का लाभ मिलेगा।

### कानपुर रोड योजना की डबल स्टोरी का होगा पुनर्विकास

- उपाध्यक्ष ने बताया कि कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में वर्ष 1990 में लगभग एक हजार डबल स्टोरी भवन निर्मित किये गये थे। इनमें से अधिकांश भवनों में अनाधिकृत लोग अध्यासित हैं। इस योजना के पुनर्विकास के लिए भी प्रस्ताव तैयार कराया जाएगा। इसी तरह पेपर मिल कालोनी में स्थित पुराने भवनों का सर्वे व परीक्षण कराने के बाद प्रस्ताव तैयार कराया जाएगा।

### जश्न मैरिज लॉन समेत सात निर्माण सील

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार, चिनहट व बीबीडी क्षेत्र में अभियान चलाया। अवैध रूप से निर्मित जश्न मैरिज लॉन समेत सात अवैध निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि रोहित कुरिच व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के कौशलपुरी में खरगापुर रोड पर लगभग 2500 वर्गमीटर के भूखंड पर जश्न मैरिज लॉन का निर्माण कराया गया था। इसी तरह आरके शुक्ला व अन्य द्वारा हासेमऊ में लगभग 400 वर्गमीटर में रो-हाउस भवन बनाए गए। मानकों के विपरीत निर्माण करने पर टीम ने प्राधिकरण पुलिस के साथ सील कर दिए। इसके अतिरिक्त गोमती नगर विस्तार, चिनहट व बीबीडी में जयंत यादव, सर्वेश सिंह, प्रमोद, रतन अग्रवाल, अरविंद शर्मा, नेहा शर्मा, अविनाश सिंह व अन्य द्वारा किए जा रहे पांच अवैध निर्माण सील किए।

## सख्ती के बाद घरों से उठने लगा कूड़ा

**अमृत विचार, लखनऊः** चुनाव में असम वोट डालने गए असमिया सफाई कर्मचारी मंगलवार को वापस आ जाएंगे। इसके बाद सफाई व्यवस्था में सुधार दिखने लगेगा। नगर निगम में लखनऊ स्वच्छता अभियान और लॉयन इनवायरो कंपनी के माध्यम से शहर में असम के कर्मचारी सफाई का काम कर रहे हैं। ये कर्मी परिवार समेत छुट्टी पर चले गए, जिससेडोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। नगर आयुक्त की सख्ती के बाद सफाई कंपनियों ने दिन में दो बार कूड़ा उठान शुरू किया तब जाकर स्थिति में सुधार हुआ। अब मंगलवार से इनके वापस काम पर लौट आने के बाद सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी।

## सिटी ब्रीफ

### नौ लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा, रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमौसी क्षेत्र में सोमवार सुबह विभागीय और विजिलेंस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इसमें 58 बिजली संयोजनों की जांच की गई। जिसमें सात उपभोक्ताओं के परिसर बंद पाए गए। सात उपभोक्ताओं के यहां मीटर रिचार्ज न होने के बावजूद बिजली चालू मिली। चार उपभोक्ताओं के कनेक्शन टेम्परिंग की स्थिति में मिले। नौ उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़े गए, जबकि दो घरों में कनेक्शन का उपयोग वाणिज्यिक निर्माण कार्य में करते पकड़ा गए। अधिशासी अभियंता रेड के अनुसार बंटी गुप्ता, टंकुर यादव, रमेश कुमार उर्फ बल्ली गौतम, अनोद यादव, ज्ञान सिंह, बृजेश पाण्डेय, संजय रावत, केदार गौतम, मुकेश पाल, भोजराज उर्फ छोटू और प्रमोद के खिलाफ बिजली अधिनियम की धारा 126 और 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आगे अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अवध विहार योजना में 20 बीघा से हटाया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर 10 ए में अभियंताओं ने सोमवार को अभियान चला कर 200 करोड़ मूल्य की 20 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया। ग्राम बरौली खलीलाबाद की खसरा संख्या 1665 जो आवास विकास की अधिग्रहित भूमि है पर भू-माफिया रविवार देर रात प्री-कास्ट बाउंड्री बना कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। यह बेशकीमती जमीन अवध विहार से वृंदावन योजना को जोड़ने वाले रेलवे ओवरब्रिज से लगी हुई है। अतिक्रमण की सूचना मिलते ही परिषद के अभियंताओं ने रविवार को ही भू-माफिया के विरुद्ध थाने में तहरीर दे दी थी। अधीक्षण अभियंता अवध विहार वृत्त के निर्देशन में अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लखनऊ 8 अभिषेक नाथ तिवारी, निर्माण खंड लखनऊ 6 और निर्माण खंड लखनऊ 9 की संयुक्त टीम ने सोमवार सुबह प्रवर्तन दल के सहयोग से उक्त अवैध निर्माण जेसीबी और बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान परिषद के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन टीम और क्षेत्रीय थाना पुलिस की टीम उपस्थित रही।

### खालिद रशीद के बयान का मंसूरी ने किया विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के बयान को पसमांदा समाज के साथ विश्वासघात करार दिया है। मुसलमानों को जनगणना में जाति बताने से रोकने वाले असल में आरएसएस और उन ताकतों के एजेंट हैं जो नहीं चाहते कि पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण या सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मंसूरी ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश से लेकर देश के कोने-कोने तक जिस जातिगत जनगणना के लिए सड़कों पर खून बहाया और आंदोलन खड़ा किया, उसे मौलाना जैसे लोग एक बंद कमरे में बैठकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मौलाना खालिद रशीद का यह कहना कि मुसलमान अपनी जाति न लिखवाएं, सीधे तौर पर पसमांदा समाज के पैरों में बेड़ियां डालने जैसा है। मंसूरी ने सवाल किया कि आखिर मौलाना और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को पिछड़े मुसलमानों की गिनती से इतनी चिढ़ क्यों है? क्या उन्हें डर है कि अगर धोबी, हज्जाम, मंसूरी, राईनी, अंसारी, फ़क़ीर, जोगी, सैफी, इदरीसी, मनिहार, हलवाई, घोसी, गद्दी और कुरैशी जैसी पिछड़ी मुस्लिम बिरादरी की संख्या सामने आ गई, तो कौम के रहनुमा बनकर बैठे मुट्ठी भर ऊंची जाति के लोगों की दुकानें बंद हो जाएंगी।

# प्रीपेड मीटर के खिलाफ याचिका

## उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने लोकसभा की याचिका समिति में किया दाखिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर मामले में उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने लोकसभा में याचिका दाखिल की है। इसमें अध्यक्ष ने राज्य की बिजली कंपनियों पर विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने लोकसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जोशी के समक्ष याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और राज्य की डिस्कॉम कंपनियां उपभोक्ताओं की सहमति के बिना पुराने मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदल रही हैं। परिषद का कहना है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के तहत प्रीपेड मीटर केवल विकल्प के रूप में दिए जा सकते हैं, ये अनिवार्य नहीं हैं। इसके बावजूद आरडीएसएस योजना से करीब 3.8 करोड़ उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर प्रीपेड किए जा रहे हैं। लगभग 70 लाख मीटर बिना उपभोक्ताओं की सहमति के प्रीपेड किए जा चुके हैं। नए बिजली कनेक्शन भी अनिवार्य रूप से प्रीपेड मीटर के साथ दिए जा रहे हैं। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में 2 अप्रैल 26 को संसद में पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रीपेड मीटर केवल उपभोक्ता की मांग पर ही लगाए जा सकते हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 1 अप्रैल-26 को जारी अधिसूचना में भी प्रीपेड मीटर अनिवार्य न होने की बात कही है।



लौलई उपकेंद्र के बाहर नारेबाजी करते उपभोक्ता और उनके परिजन।

### परिषद की प्रमुख मांगें

- पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए
- विद्युत अधिनियम 2003 का पालन कराया जाए
- बिना सहमति प्रीपेड में बदले मीटरों को हटाया जाए
- नए कनेक्शनों में प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त हो।
- दोषी अधिकारियों और कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर से परेशान उपभोक्ताओं ने दिया लौलई उपकेंद्र पर धरना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर की समस्याओं से परेशान उपभोक्ताओं ने सोमवार को भी चिनहट स्थित लौलई विद्युत उपकेंद्र पर धरना दिया। कांशीराम आवासीय कॉलोनी समेत आसपास के क्षेत्रों के दर्जनों उपभोक्ता इसमें शामिल रहे। इन उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल काफी बढ़ गया है। बार-बार बिजली भी कट जाती है। धरने की सूचना पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं से बातचीत की। उन्होंने लेसा के उच्च अधिकारियों से फोन भी किया। कहा, वह उपभोक्ताओं के साथ हैं, अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वह भी धरने में शामिल हो जाएंगे। विधायक ने कहा कि बिजली विभाग की नई वर्टिकल व्यवस्था को उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग अधिकारियों से संपर्क करने में कठिनाई हो रही है, जबकि पहले सीधे एसई और मुख्य अभियंता से बात हो जाती थी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में कर्मचारियों की छंटनी गर्मी के मौसम में उचित नहीं है। विधायक ने इस बात पर भी नाराज़गी जताई कि कई दिनों से धरना चलने के बावजूद उच्च अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे और केवल एसडीओ स्तर के अधिकारियों को भेजा जा रहा है। लौलई विद्युत उपकेंद्र पर ही बैठकर विधायक ने अधिकारियों से बात की और उपभोक्ताओं की समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिलाया। इसके बाद उनके आश्वासन पर उपभोक्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया।


### कल से उपभोक्ताओं को करेंगे जागरूक

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति 15 अप्रैल से 21 मई तक जनजागरण अभियान चलाएगी। इसमें उपभोक्ताओं और किसानों को संभावित बिजली संकट के प्रति सचेत किया जाएगा। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को प्रबंधन के मनमाने रवैये से बिजली व्यवस्था पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। खास तौर पर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग और संविदा कर्मियों की छंटनी से उत्पन्न होने वाले गंभीर परिणामों को प्रमुखता से उजागर किया जाएगा। निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन के 502 दिन पूरे होने के मौके पर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के कई जनपदों और परियोजनाओं में सभाएं आयोजित कीं। इन सभाओं में 12 अप्रैल को लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की गई और आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

### काकोरी पावर हाउस पर भी प्रदर्शन

- **अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी पावर हाऊस पर भी स्मार्ट मीटर में अधिक बिल आने से परेशान उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की। सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत काकोरी अध्यक्ष रोहित साहू ने जेई अजीत सिंह से बात कर सात दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिलाया तब उपभोक्ता शांत हुए। काकोरी नगर पंचायत में करीब 200 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर लगने के बाद बिजली बिल में बढ़ोतरी हो रही है और बिल जमा करने के बावजूद घरों में आपूर्ति बाधित हो जाती है। उपभोक्ता बुधेश्वरी, राम प्रसाद और चांद तारा ने बताया कि बिल जमा करने के कुछ दिनों बाद ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है।







शहर में रसोई गैस की समस्या लगभग डेढ़ महीने बाद भी खत्म नहीं हुई है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही सिलेंडरों के साथ लोग लाइन में लग जाते हैं, ज्यादातर जगह तो धूप में ही लाइन लगानी पड़ती है। घंटों धूप में तपने के बाद सिलेंडर मिल पाता है। अमृत विचार

### अस्पतालों में आज 12 बजे तक ओपीडी, केजीएमयू में रहेगी बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. भीमराव आंबेडकर पर सार्वजनिक अवकाश के चलते शहर के के चिकित्सा संस्थान और सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवाओं में बदलाव किया गया है। इमरजेंसी और जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ववत संचालित होंगी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की प्रवक्ता कुसुम यादव के अनुसार मंगलवार को नए मरीजों का पंजीकरण नहीं होगा, लेकिन जिन मरीजों की पहले से ओपीडी में अपॉइंटमेंट है, उन्हें देखा जाएगा। साथ ही पहले से निर्धारित जांच और ऑपरेशन भी यथावत होंगे। 24 घंटे लैब और आकस्मिक सेवाएं जारी रहेंगी, जबकि ओपीडी सैंपल कलेक्शन, प्रशासनिक भवन और शैक्षणिक ब्लॉक बंद रहेंगे। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में मंगलवार को ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। इमरजेंसी सेवाएं चलती रहेंगी। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ.भुवन चंद्र तिवारी के मुताबिक ओपीडी में केवल पुराने मरीजों को देखा जाएगा, जबकि नए पर्चे नहीं बनाए जाएंगे। पहले से तय ऑपरेशन और जांच जारी रहेंगे, और गंभीर मरीजों का इलाज इमरजेंसी में किया जाएगा। सिविल, बलरामपुर और लोकबंधु अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सीमित समय के लिए संचालित होगी और दोपहर 12 बजे तक ही मरीजों को देखा जाएगा।

अव्यवस्था

महिला मरीजा से छेड़छाड़ के मामले में एक हफ्ते बाद भी नहीं बनी जांच कमेटी

# केजीएमयू में जगह-जगह कैमरे, फिर भी बढ़ीं छेड़छाड़ की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थानों में शुमार केजीएमयू में छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महिला मरीज और तीमारदार के साथ डॉक्टर, रेजिडेंट और मेडिकल छात्राएं तक सुरक्षित नहीं हैं। प्रॉक्टोरियल बोर्ड, विशाखा कमेटी और जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद लफंगों के हौसले बुलंद हैं। दरअसल ज्यादातर मामलों में जांच के नाम पर ढिलाई नजर आती है। एक सप्ताह पहले अल्ट्रासाउंड के दौरान महिला मरीज से छेड़छाड़ के मामले में लापरवाही बरती जा रही है। अभी तक जांच कमेटी भी नहीं बनाई गई है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में काकोरी मोड़ निवासी महिला इलाज के लिए आई थी। डॉक्टर ने उन्हें अल्ट्रासाउंड जांच की सलाह दी। महिला का आरोप है कि जांच के दौरान डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। पीड़िता ने इसकी शिकायत विभागाध्यक्ष से की, लेकिन अब तक न जांच कमेटी बनी और न ही अन्य कार्रवाई हुई है। मानसिक रूप से आहत महिला अब उस विभाग में इलाज कराने से भी डर रही है। इंसाफ की आस में भटक रही महिला को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है।

संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि जानकारी मांगी गई है और जल्द ही जांच कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आयुष डॉक्टर दोषी मिलता है तो संबंधित कंपनी पर भी कार्रवाई होगी। संस्थान में प्रत्येक मरीज और तीमारदार के साथ ही चिकित्सक व अन्य स्टॉफ की सुरक्षा भी सर्वोपरि है। कोई में घटना होने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं है।

### पीपीपी मॉडल पर सवाल

- केजीएमयू के रेडियोलॉजी विभाग में आधुनिक जांच सुविधाएं, बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, इसके बावजूद दो दशकों से पीपीपी मॉडल के तहत अल्ट्रासाउंड मशीनों का संचालन किया जा रहा है। आरोप है कि निजी कंपनियां मशीनें और स्टाफ उपलब्ध कराकर मोटा मुनाफा कमा रही हैं, जबकि निगरानी व्यवस्था बेहद कमजोर है।मा मले में सबसे गंभीर पहलू यह सामने आया है कि अल्ट्रासाउंड जैसी संवेदनशील जांच आयुष पद्धति के डॉक्टर जरिए की जा रही है। पीड़िता का आरोप है कि जांच उसी डॉक्टर ने की, जिसने छेड़छाड़ की। इससे मरीजों की सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### हाल के प्रमुख मामले

- **11 फरवरी 2026 :** पीडियाट्रिक विभाग की रेजिडेंट डॉक्टर ने एडिशनल प्रोफेसर पर कमरे में बुलाकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। डॉक्टर को निलंबित कर जांच बैठाई गई।
- **13 फरवरी 2026 :** असिस्टेंट प्रोफेसर पर महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ और आपत्तिजनक मैसेज भेजने का आरोप, निलंबन की कार्रवाई।
- **2 जनवरी 2026 :** नर्सिंग छात्रा ने एमबीबीएस इंटर्न पर यौन शोषण, शादी का झांसा और धमकी के आरोप लगाए। रिपोर्ट दर्ज, इंटर्नशिप रद्द।
- **19 दिसंबर 2025 :** पैथोलॉजी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर पर यौन उत्पीड़न, ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन के प्रयास के आरोप। आरोपी गिरफ्तार, दाखिला रद्द।
- **4 नवंबर 2025 :** सीनियर प्रोफेसर ने जूनियर फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया।
- **17 जनवरी 2025 :** मानसिक स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी पर मरीज युवती से छेड़छाड़ के आरोप, नौकरी से बर्खास्त।
- **21 जून 2024 :** एमबीबीएस छात्रा ने हॉस्टल कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया, संबंधित एजेंसी ब्लैकलिस्ट।
- **26 जनवरी 2024 :** नर्सिंग अधिकारी ने सहकर्मी पर यौन और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए, आरोपी का तबादला किया गया।

## काम अधूरा फिर भी कर दिया 9.39 करोड़ रुपये भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अटल विवि

**अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में परीक्षा और परिणाम से जुड़े कार्यों में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है। अधूरा काम होने के बावजूद निजी कंपनी को 9.39 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

टेंडर में तय धनराशि का लगभग 30 प्रतिशत भुगतान कंपनी को शुरुआत में कर दिया गया था। कंपनी तय समय पर काम पूरा नहीं कर सकी, जिससे शैक्षिक सत्र प्रभावित होने लगा। तत्कालीन विवि प्रशासन ने कंपनी पर कानूनी कार्रवाई के बजाय काम से रोक दूसरी एजेंसी को कार्य सौंप दिया, किंतु टेंडर तक निरस्त नहीं किया गया। दरअसल, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को एक ही विवि से संबद्ध करने की योजना के तहत इस अटल विवि स्थापना की गई थी। प्रदेश के करीब 360 कॉलेज इससे संबद्ध हैं। परीक्षा परिणाम तैयार करने और घोषित करने को जेम पोर्टल से कंपनी का चयन किया गया था, लेकिन अनुबंध बीच में ही टूट गया। इससे पहले जून 2024 में 9.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका था। इसका खामियाजा 2021 से 2023 बैच के नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों को भुगतना पड़ा। परीक्षा और परिणाम में देरी से उनका शैक्षिक सत्र तरह प्रभावित हुआ। नए कुलपति मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन ने चार सदस्यीय समिति गठित कर जांच कराई, जिसमें गड़बड़ियों की पुष्टि हुई है। अब कंपनी का टेंडर निरस्त करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही करीब दो करोड़ रुपये की जमानत राशि जब्त करने की सिफारिश भी की गई है।

## शहर में दो डॉग शेल्टर होम बनाए जाएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवारा कुत्तों के आतंक से आम जनता को निजात दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर नगर निगम शहर में में दो डॉग शेल्टर होम बनाएगा। इसके लिए सदर तहसील के ग्राम जेहटा में खसरा संख्या 101 की 1.493 हेक्टेयर भूमि और सरोजनीनगर तहसील के ग्राम नटकुर में खसरा संख्या 165 की 1.2650 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक शेल्टर होम में 1,000 कुत्तों की रखने की क्षमता होगी। लगभग 15464 वर्गमीटर क्षेत्रफल में ये शेल्टर होम बनेंगे। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी ने इसका प्रस्ताव दिया है, जिसे 15 अप्रैल को प्रस्तावित नगर निगम सदन की बैठक में रखा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था। नगर निगम कार्यकारिणी बैठक और सदन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए डॉग शेल्टर होम बनाने का प्रस्ताव स्वीकार किया जा चुका है। इस सम्बंध में शासन ने 25 जनवरी 2026 को शासनादेश जारी करके नगर निगम सीमा में दो शेल्टर बनाने के लिए भूमि चिन्हित करने के नगर निगम को निर्देश दिए थे।

## सिटी ब्रीफ

### रिटायर्ड डॉक्टर के खाते से 9 लाख निकाले

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर ए-ब्लॉक निवासी रिटायर्ड डॉक्टर राधा रानी गुप्ता के तीन बैंक खातों से जालसाजों ने करीब 9 लाख रुपये निकाल लिए। डॉ. गुप्ता 6 अप्रैल को पंजाब नेशनल बैंक इंदिरानगर शाखा पहुंचीं, जहां पता चला कि पेंशन आने के बावजूद खाते में केवल 470 रुपये बचे हैं। जांच में सामने आया कि 24 मार्च से 5 अप्रैल के बीच 6.50 लाख रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाले गए। वहीं आईसीआईसीआई बैंक इंदिरानगर और इंडियन ओवरसीज बैंक गोलागंज स्थित खातों से भी करीब 2.50 लाख रुपये पार कर दिए गए। पीड़िता का कहना है कि उन्हें किसी तरह का ओटीपी या ट्रांजैक्शन संदेश नहीं मिला। उन्होंने तीनों बैंकों में शिकायत के बाद गाजीपुर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रिटायर्ड पुलिस अधिकारी से ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : खरगापुर स्थित सरस्वतीपुरम निवासी एम.एस. बोहरा के अनुसार वर्ष 2022 में उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आया, जिससे शरीर के दाहिने हिस्से में पक्षाघात हो गया था। वह करीब दो साल तक नोएडा में उपचार करा रहे थे। इसी दौरान वर्ष 2023 में उनका क्षेत्र नगर पालिका में शामिल हो गया और भवन कर जमा करने का नोटिस मिला। बोहरा ने अपने परिचित मनोज सिंह से संपर्क किया, जिसने अपने रिश्तेदार सुनील सिंह को नगर पालिका से जुड़ा बताकर टैक्स जमा कराने की बात कही। इस पर उन्होंने गूगल पे के माध्यम से 22 हजार रुपये भेज दिए। बाद में नगर निगम में जांच कराने पर पता चला कि रसीद किसी अन्य व्यक्ति के नाम की है और मकान नंबर भी गलत है। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के अनुसार मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पूजा के नाम पर महिला से 1.15 लाख ठगे

अमृत विचार, लखनऊ : पूजा-पाठ के नाम पर महिला से पुजारी बनकर जालसाज ने 1.15 लाख रुपये ठग लिये। तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी सुप्रिया महरोत्रा के मुताबिक 23 मार्च 2026 को उनके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को कामाख्या धाम नैनीताल का पुजारी बताते हुए कहा कि उनके ऊपर ग्रह संकट चल रहा है और विशेष पूजा कराने से समस्या दूर हो जाएगी। आरोप है कि जालसाजों की बातों में आकर उन्होंने अलग-अलग किस्तों में कुल 1,15,200 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी लगातार और पैसे की मांग करने लगे, जिससे उन्हें संदेह हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में तीन अलग-अलग शिकायत संख्याएं भी दर्ज की गई हैं। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 23 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय चरस की तस्करी करने वाले गिरोह के एक तस्कर को कृष्णानगर इलाके से सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से करीब 4.645 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 23 लाख रुपये आंकी गई है। एसटीएफ अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित रमजान उर्फ रिंकू उन्नाव हसनगंज स्थित नई सराय का रहने वाला है। उसे सोमवार को वीआइपी रोड स्थित बैकुंठ धाम के पास से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ टीम ने उसके कब्जे से चरस के अलावा एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 4670 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।

### किराये पर ली कार फर्जी कागज बनवा बेची

अमृत विचार, लखनऊ : किराये पर चलाने के लिए कार लिया। फर्जी दस्तावेज तैयार कर कार को बेच दिया। पारा के गोविंद नगर निवासी अजय कुमार गुप्ता के मुताबिक उन्होंने 21 जनवरी 2026 को 11 माह के लिए रोहित सिंह को 25 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर दिया था। एग्रीमेंट के तहत वाहन का चालक, पेट्रोल व मेंटेनेंस की जिम्मेदारी रोहित की थी। आरोप है कि रोहित सिंह ने तीन माह का किराया नहीं दिया। अपने साथी वरुण सिंह के साथ मिलकर साजिश रचते हुए फर्जी कागजात बनाकर कार को बेच दिया। आरोपी न तो वाहन दिखा रहा था और न ही किराया दे रहा था। अजय के मुताबिक 29 मार्च को वह पारा थाने के पास अपनी कार को देखा। उसे रोक लिया। वाहन चालक ने बताया कि वाहन वरुण सिंह के कहने पर चला रहा है। वरुण से बात हुई तो पता चला कि उसने खरीदा है।

# ईमेल से भेजी गई पासपोर्ट ऑफिस उड़ाने की धमकी

## बीडीएस, डाग स्क्वायड के साथ पुलिस ने की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर के क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिस का मामला

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिस को सोमवार दोपहर साइनाइड भरे सिलिंडर से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा ई-मेल रीजनल पासपोर्ट अफसर की आधिकारिक आईडी पर सुबह 11:15 बजे आया। मेल में लिखा था कि पूरे परिसर में 19 स्थानों पर साइनाइड से भरे सिलेंडर रखे गए हैं। दोपहर सवा एक बजे ताबड़तोड़ धमाके किए जाएंगे, बचा सकते हो तो बचा लो। पुलिस कंट्रोल रूम को यह सूचना मिलते ही गोमतीनगर इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। पूरे परिसर को खाली कराकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक दो ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर परिसर को खाली कराया गया। इसके बाद करीब ढाई घंटे तक मुख्य गेट से लेकर ऑफिस, वेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, हर कमरे, मेजों के दराज, अलमारियां खुलवाकर, शौचालय समेत पूरी इमारत में कोने-कोने की चेकिंग हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से की गई। इसके अलावा डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने जांच की। कोई भी संदिग्ध वस्तु पुलिस व बीडीएस टीम को नहीं मिली। इंस्पेक्टर गोमतीनग बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मेल सौरव_बिस्वास 21 के नाम की आईडी से आई थी। तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। अज्ञात के खिलाफ इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। आईपी एड्रेस की मदद से मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। तफ्तीश में साइबर क्राइम सेल को भी लगाया गया है। इसके पूर्व 18 मार्च को भी पासपोर्ट आफिस को साइनाइड बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हालांकि उस दिन भी चेकिंग कराई थी लेकिन कुछ मिला नहीं था।

## विधानभवन के सामने जाम



जाम की समस्या आम हो चुकी है। सोमवार को विधान भवन व लोक भवन के सामने लगा जाम। • प्रमोद शर्मा

# बीएड की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में बीएड की छात्रा से तीन दोस्तों ने फ्लैट पर बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। मूलतः मऊ की रहने वाली 28 वर्षीया युवती बीएड अंतिम वर्ष की पढ़ाई लखनऊ के एक कॉलेज से कर रही है। पीड़िता के मुताबिक 11 अप्रैल को वैभव दुबे ने उसे ओपन माइंड पब्लिक स्कूल के पास स्थित निर्वाणा हाउस के फ्लैट पर बुलाया। पीड़िता के मुताबिक, वहां पहुंचने पर पियांशु मिश्रा, अंकित उपाध्याय और कुंदन पहले से मौजूद थे। सभी ने मिलकर कोल्ड ड्रिंक में शराब पिलाने की कोशिश की और फिर छेड़छाड़ शुरू कर दी। दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर सभी ने मिलकर उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागी। पीड़िता ने बीबीडी थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।


# उधार सिगरेट नहीं दी तो बेल्ट से पीटा, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा के कुंदन बिहार डिप्टी खेड़ा इलाके में हुई घटना

**अमृत विचार:** पारा के कुंदन विहार डिप्टी खेड़ा इलाके में उधार सिगरेट न देने पर नशे में धुत दबंगों ने युवक को बेल्ट से पीट दिया। विरोध करने पर जाने से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुंदन विहार डिप्टी खेड़ा निवासी नितिन चौरसिया ने बताया कि वह अपनी पान की दुकान पर बैठे थे।



तभी मानस नामक युवक शराब के नशे में धुत वहां पहुंचा। उनसे उधार में सिगरेट मांगने लगा। नितिन के मना करने पर मानस भड़क गया, गालियां दी। भड़के मानस ने बेल्ट निकालकर नितिन को पीट दिया। आरोप है कि इस दौरान मानस के चाचा विनोद भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने भी हमला किया। हमले में उसके सिर पर बेल्ट से कई वार किया। आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। घायल नितिन ने बाद में थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दी। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर नशेड़ी ने पीटा, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विजयनगर मस्जिद के पास हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** कैंट के नीलमथा स्थित विजयनगर निवासी गुफरान के मुताबिक वह शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय लखनऊ की कोर्ट से अपने घर जा रहे थे। विजयनगर मस्जिद के पास रास्ते में आने जाने वाली महिलाओं से एक युवक छेड़छाड़ व अमर्यादित टिप्पणी कर रहा था। इसका विरोध करने पर नशे में धुत युवक भड़क गया। गालियां दी और विरोध करने पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके कपड़े भी फट गये। काफी चोट आई।

पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के पहले धमकी देते हुए कहा कि मेरा नाम रेनू है। मैं विजयनगर मस्जिद के पास रहता हूं। तुम्हे जान से मार दूंगा। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश कर रही है।



गुडंबा में शोरूम में चोरी के बाद जांच करते पुलिसकर्मी और डाग स्क्वायड की टीम। अमृत विचार

# दो शोरूम और एक मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडंबा, मड़ियांव और चिनहट इलाके में हुई घटना, पुलिस खंगाल रही फुटेज

**अमृत विचार:** गुडंबा और मड़ियांव में चोरों ने दो शोरूम के ताले तोड़कर करीब 30 लाख रुपये का सामान साफ कर दिया, जबकि चिनहट में मकान में घुसकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुडंबा निवासी आदित्य की अवध सैनिटरी स्टोर में रविवार रात दुकान बंद करने के बाद चोर पीछे के खाली मकान से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े और अंदर घुस गए। सोमवार सुबह दुकान खुली तो सामान बिखरा मिला। ऑफिस से 8.54 लाख रुपये नकद चोरी हुए, जबकि 50 हजार रुपये की एक गड्डी जमीन पर गिरी मिली। सेनेटरी के महंगे आइटम भी गायब हैं, जिनकी कीमत 13-14 लाख रुपये बताई गई है। चोर सीसीटीवी का डीवीआर और वाईफाई राउटर भी उखाड़ ले गए। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ जांच कर आसपास के फुटेज खंगालना शुरू किया है।

मड़ियांव में अनमोल सुपरमार्ट का शटर काटकर चोर लाखों का सामान ले गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह हुई, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं चिनहट के गुलमोहर ग्रीन लौलाई निवासी विनीत के घर के किचन की ग्रिल काटकर चोर कीमती सामान, कपड़े, बर्तन और आलमारी में रखे चांदी के पांच सिक्के ले गए। घटना 5 से 9 अप्रैल के बीच की बताई गई है। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

### चोरों ने कई घरों को निशाना बनाकर नकदी और बाइक पार की

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर के रायसिंह खेड़ा में शुक्रवार रात चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों से नगदी और बाइक चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिजनौर के रायसिंह खेड़ा निवासी अजय कुमार के मुताबिक शुक्रवार की रात चोरों ने उनके घर में घुसकर पैंट की जेब में रखे रुपये चोरी कर लिए। इसके अलावा उनके चाचा के बेटे अजीत की जेब से 700 रुपये और पवन कुमार की जेब से करीब 1100 रुपये भी चोर उठा ले गए। यहीं नहीं, चोरों ने पड़ोसी ब्रजभान की बाइक भी चोरी कर ली।

# फर्जी आईडी बनाकर युवती को बदनाम करने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा इलाके में रहने वाली युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पारा इलाके में रहने वाली युवती ने थाने में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि फर्जी आईडी बनाकर उनके एडिट फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है। उसे बदनाम करने की साजिश है। कई लोगों से रुपये भी मांगे गये। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

पारा के पुरैया खेड़ा मायापुरम निवासी रिया वाधवानी के मुताबिक वह 11 वर्ष से फेसबुक आईडी का प्रयोग करती हैं। उसमें कई फोटो है। उनके नाम से एक फर्जी आईडी बनाई गई है। जिसमें उनके फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है। दूसरे नाम की आईडी बनाकर रुपये मांगे जा रहे है। एक आईडी सोना कुरसेजा और दूसरी प्रिया मोटवानी के नाम पर है। दोनों के आईडी पर उनकी फोटो लगाई गई है। शिकायत करने पर साइबर क्राइम सेल ने जांच की। समाने आया कि आईडी ललित खटवानी नाम का युवक चला रहा है। झांसे में आकर कई लोगों ने रुपया दिया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अकाउंटेंट के खुदकुशी मामले में प्रेमिका पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तालकटोरा थाने की पुलिस ने पिता की तहरीर पर की कार्रवाई

**अमृत विचार:** तालकटोरा के राजाजीपुरम ई-ब्लॉक निवासी आदर्श प्रजापति ने बुधवार रात को फंदा लगाकर जान दे दिया था। इस मामले में पिता ने प्रेमिका डिंपल उर्फ हिमांशी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सआदतगंज बीबीगंज लाल शिवाला निवासी अखिलेश के मुताबिक उनका बेटा आदर्श कुछ माह पूर्व राजाजीपुरम ई-ब्लाक में दोस्त शिवा के साथ रहता था। वह ऐशबाग स्थित एक कंपनी में अकाउंटेंट था।

अमृत विचार Follow UP

बुधवार दोपहर आदर्श प्रजापति का शव फंदे से लटका मिला था। बेटे के आफिस और कमरे में दो सुसाइड नोट मिले थे। इस बीच जानकारी मिली की बेटे को डिंपल उर्फ हिमांशी ने प्रेम जाल में फंसा लिया था। बेटे के कमरे में तमाम बिल मिले हैं। उसने काफी समान खरीदकर डिंपल को दिया भी था। वह उस पर रुपयों और मार्केट से सामान खरीदने का दबाव बनाती थी। आरोप है कि डिंपल की प्रताड़ना से परेशान होकर बेटे ने आत्महत्या की है। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार दुबे के मुताबिक डिंपल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवती को अगवा करने और गला दबाकर मारने की कोशिश

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के नादरगंज में युवती को मिलने के लिए बुलाया। जबरदस्ती कार में बैठाने लगा। विरोध करने पर गला दबाकर मारने की कोशिश की। मकसद में असफल होने पर आरोपी ने युवती के साथ छेड़छाड़ और पिटाई की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में जुटी है। मानकनगर के तेजीखेड़ा निवासी युवती के मुताबिक वह एक निजी पैथालॉजी में काम करती है। रविवार की शाम ड्यूटी से वापस जाने के लिए निकली थी। इसी बीच सीपेट नादरगंज का रहने वाले राकेश ने कॉल किया। उसने नादरगंज पुलिस चौकी के पास मिलने के लिए बुलाया। वहां पहुंची तो पीछे से राकेश आ गया। कहा कि गाड़ी में बैठ जाओ। विरोध करने पर जबरदस्ती करने लगा। मेरा गला दबाया। विरोध करने पर पिटाई की। मोबाइल व सिम तोड़ दिया। किसी तरह जान बचाकर भागी। पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया हे। मामले की जांच की जा रही है।

अग्निशमन दिवस

## गांवों तक पहुंचने की तैयारी, चार नए फायर स्टेशन से मिलेगी रफ्तार

# एक वर्ष में 2848 अग्निकांड, 250 भवनों के खिलाफ कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाईराइज भवनों तक पहुंचने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की बढ़ेगी संख्या

**अमृत विचार :** राजधानी में तेजी से बढ़ रहे अग्निकांड को देखते हुए अग्निशमन विभाग संसाधनों को सुदृढ़ करने में जुटा है। 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस के अवसर पर कई नई योजनाओं को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। शहरी विस्तार अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच चुका है, ऐसे में विभाग गांवों तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए चार नए फायर स्टेशन स्थापित करने जा रहा है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में होने वाली आग की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके।

अग्निशमन विभाग के अनुसार गोसाईगंज, मलिहाबाद, पारा समेत चार क्षेत्रों में नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे। गोसाईगंज और मलिहाबाद में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि बसंत कुंज योजना और अनंत नगर योजना (मोहान रोड) में जमीन उपलब्ध कराई जा चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इन स्टेशनों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आग की घटनाओं के दौरान रिस्पांस टाइम में कमी आएगी और राहत कार्य तेज होंगे।

हाईराइज भवनों में अग्निकांड से निपटने के लिए वर्तमान में केवल एक हाइड्रोलिक प्लेटफार्म उपलब्ध है। इसकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।



विभाग ऊंची इमारतों में आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और आर्टिकुलेटेड वाटर टावर का उपयोग कर रहा है। इसके अलावा मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल भी उपलब्ध है, जो विभिन्न आपदाओं में त्वरित और सुरक्षित रेस्क्यू करने में सक्षम है।

सीएफओ अंकुश मित्तल के अनुसार राजधानी में वर्तमान में 10 फायर स्टेशन संचालित हैं और 30 अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन उपलब्ध हैं, जिनमें फोम टेंडर, वाटर बाउजर, बड़े व छोटे फायर टेंडर तथा क्विक रिस्पांस व्हीकल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती आबादी और बदलते शहरी ढांचे को देखते हुए विभाग को लगातार आधुनिक बनाना आवश्यक है।

सुरक्षा के मोर्चे पर भी विभाग सख्त हुआ है। पिछले एक वर्ष में 700 से अधिक इमारतों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 250 भवनों में गंभीर खामियां पाई गईं। इन भवनों को सुधार के लिए एक माह का समय दिया गया है, अन्यथा सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। आंकड़ों के अनुसार बीते एक वर्ष में लखनऊ में 2848 से अधिक अग्निकांड हुए, जिनमें दो लोगों की मौत हुई, जबकि इस वर्ष जनवरी से मार्च के बीच ही 634 घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# दबंगों ने तीन प्लाट पर किया कब्जा, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के माढरमऊ कला में स्थित तीन भूखंडों पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। गेट पर अपना ताला लगा दिया। विरोध करने पर भूखंड स्वामियों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने तीन नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

तेलीबाग निवासी विकास कुमार सिंह के मुताबिक उन्होंने 2020 में खुर्दही बाजार स्थित माढरमऊ कला में साहू कंपनी से भूखंड संख्या 294, 295 और 296 (करीब 3000 वर्गफीट) खरीदे थे। कब्जा मिलने के बाद उन्होंने पहले दो फीट की बाउंड्री बनाई और बाद में जून 2024 में इसे पांच फीट तक ऊंचा कर दिया। साथ ही एक कमरा और गेट भी बनवाया। आरोप है कि 4 जुलाई 2024 की रात अज्ञात लोगों ने बाउंड्री, गेट और कमरे को तोड़ दिया। इस संबंध में 5 जुलाई को थाना सुशांत गोल्फ सिटी में एनसीआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुनर्निर्माण कार्य के दौरान कुछ लोगों वहां पहुंचे और प्लाट के गेट पर ताला बंद कर दिया। पुलिस से शिकायत की गई तो दोनों पक्षों को बुलाया गया। विपक्षी उपस्थित नहीं हुए। बाद सूचना मिली की अगस्त 2024 में कोर्ट से स्टे हासिल कर लिया है। स्टे 20 सितंबर 2025 को निरस्त हो चुका है। इसके बाद भी संदीप शुक्ला, ऋषभ बाजपेयी, ऋषभ ओझा व कई अन्य लोग भूखंड पर निर्माण करा रहे हैं पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया।

# बाबा साहेब की जयंती पर उत्साह, मेले जैसा माहौल

## जगह-जगह सजे पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जय भीम' के नारों और गीतों के साथ दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह और उल्लास का माहौल है। जयंती की पूर्व संध्या पर ही अंबेडकर पार्क के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुटे। जगह-जगह पंडाल सजाए गए और बाबा साहब के विचारों को कविताओं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया।

अंबेडकर पार्क के आसपास मेले जैसा माहौल नजर आया। पोस्टर और प्रतिमा की खरीदारी भी खूब हो रही है। लोगों ने उन्हें केवल बाबा साहेब के व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक विचारधारा बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत स्मारक स्थल के मुख्य द्वार पर हुई। कार्यक्रम की शुरुआत 'जय भीम' के गीतों से हुई। गायक राम निवास पासवान ने अपनी मंडली के साथ प्रस्तुति देकर माहौल को भावनात्मक बना दिया। समिति के संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि आयोजन दो दिनों तक चलेगा। मंगलवार को भोजन, फल और मिष्ठान वितरण किया जाएगा।





गोमती नगर स्थित आंबेडकर पार्क के सामने बाबा साहेब पर गीत प्रस्तुत करते कलाकार और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अनय।

### बाबा साहेब को याद किया

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लाला लाजपतराय वार्ड के विकासनगर क्षेत्र में शैलेन्द्र लोधी के नेतृत्व में भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता एवं उत्तर विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी पूजा शुक्ला ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहेब के विचारों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के महत्व पर विशेष जोर दिया।

## भाजपाइयों ने आंबेडकर प्रतिमा पर जलाए दीप

अमृत विचार लखनऊ

**अमृत विचारः** आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा महानगर इकाई की ओर से शहर के 50 स्थानों पर दीपोत्सव किया गया।

हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, महामंत्री सुभाष यदुवंशी, वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दीप जलाए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर वर्ष आंबेडकर जयंती को सप्ताह भर के कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंपर्क और स्वच्छता अभियान के रूप में मनाती है। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर तक स्वच्छता और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से वर्ष 1990 में बाबा साहब को भारत रत्न मिला, नरेंद्र मोदी सरकार ने पंचतीर्थ का विकास कराया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया और उनके शिक्षा, समानता एवं भाईचारे के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि इस अवसर पर लखनऊ महानगर के 50 आंबेडकर प्रतिमा स्थलों पर एक साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिसे जूम के माध्यम से जोड़कर एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारित भी किया गया।

इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंबेडकर एक विचारधारा



- डॉ. खजाना सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक विचारधारा का नाम है, जो देश में नहीं संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने मानवता की बात की समानता की बात की। उन्होंने उन लोगो को जीवन दिया जो बदहाल जिंदगी जीने के लिए मजबूर हुआ करते थे। उन्होंने सभी को समान अधिकार दिया और विश्व का सबसे खूबसूरत संविधान लिखा जिसमें बहुजन समाज और विशेषकर महिलाएं। समाज के सभी लोग बाबा साहब के जन्मदिन को बड़े उल्लास के साथ मनाता है।



- संघमित्रा गौतम ने कहा कि, बाबा साहब एक विचार है और सभी देशो को उनकी जरूरत है। उनकी जयंती हम लोग बड़े धूमधाम से मना रहे है। भारत की 90 प्रतिशत जो आबादी थी जो शरीर में कपड़े नहीं थे, लोग नफरत करते थे, खाने को नही था रहने को नही था यहां तक जहां वह खड़े होते थे वह जमीन भी उनकी नहीं होती थी। ऐसी वेदना को ऐसी व्यथा को बाबा साहब ने लंदन में पूरी दुनियां के सामने भारत के हालात का वर्णन किया। बाबा साहब ने शोषित वर्ग को उठाने का कार्य किया।



- रजनी सोलंकी ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय समन्वय संगठन लक्ष्य का स्टॉल लगा हुआ है जोकि सामाजिक संगठन है। हमें राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। गांव-गांव जाकर हम लोग बहुजन समाज को जागरूक करते है। पिछड़े समाज को उठाने का प्रयास करते है। यदि हमारे बहुजन समाज पर किसी तरह का शोषण होता है तो हमारा संगठन आवाज उठाता है। बाबा साहब ने संविधान बनाकर देश को बहुत बड़ी ताकत दी। वह हमारे मसीहा है अगर वह नहीं होते तो हमें कोई संवैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होता। हमारे लिए हर्षोउल्लास का दिन है कल हम लोग रैली निकालेंगे जिसमें महिलाएं बच्चे और युवा सभी शामिल होंगे।

### सिटी ब्रीफ

#### रेलवे स्टेशनों पर बैटरी कार का विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रेलवे स्टेशनों पर बैटरी कारों से लगेज ढोने और उन पर 30 रुपये लगेज तय करना नियम विरुद्ध बताया है। मोर्चा ने इसे कुलियों के अधिकारों और आजीविका पर हमला करार देते हुए देशव्यापी विरोध का ऐलान किया है। इस संबंध में नेशनल कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और सांसदों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि रेलवे बैटरी कार को दिव्यांग, वृद्ध और असहाय यात्रियों के लिए सहायक बता रहा है, लेकिन लगेज ढुलाई का काम भी कार से ही कराकर कुलियों की रोजी-रोटी छीनी जा रही है। इसी मामले में मोर्चा ने 17 अप्रैल से मांग पखवाड़ा चलाने और 24 अप्रैल को दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग शामिल होने का निर्णय लिया है।

#### रक्षा मंत्री के सामने पेंशनर्स ने रखी मांगें

**अमृत विचार,लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर और उत्तर प्रदेश के मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह बिसेन समेत पेंशनर्स ने ईपीएस-95 पेंशन बेहद कम होन का मुद्दा उठाया। मुख्य समन्वयक ने मांग रखी कि ईपीएस-95 पेंशन को बढ़ाकर न्यूनतम 7500 रुपये प्रतिमाह की जाए। महंगाई भत्ता और पति-पत्नी दोनों के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। एचएएल, एनटीपीसी, आईटीआई और प्रदेश के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के पेंशनर्स ने समिति के प्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री के सामने पेंशन मुद्दा मजबूती से उठाने के लिए समिति का आभार जताया।

#### पंचमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित श्रीसंकटहरण पंचमुखी हनुमान मंदिर का 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिर ट्रस्ट के आरपी शर्मा ने बताया कि सुबह मंदिर खुलने के साथ ही हनुमानजी को अष्टगंध से स्नान कराके नवीन श्रृंगार किया गया। पं. दिनेश दीक्षित, आचार्य पवन मिश्रा, सुधांशु शुक्ल, प्रमोद कुमार और पं. दिनेश कुमार मिश्र ने सम्मिलित रूप से हनुमान जी का सहस्रार्चन से पूजन किया। भण्डारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्याकाल सत्र में पुलिस लाइन से आए हनुमत भक्तों की अगुवाई में संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ। भजन संध्या में विनीता सिंह, रौशनलाल, सुभाष अरोड़ा आदि ने मधुर भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर अजय मेहरोत्रा, एसडी सावंत, चैतन्य अग्निहोत्री, बीके सक्सेना, सिद्धार्थ अग्रवाल, ज्योति किरन रतन, पं. जितेंद्र दीक्षित, महेन्द्र, हेमन्त कुमार चतुर्वेदी, ब्रजेश कुमार, पवन शर्मा, कल्पना अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अभय आदि भक्तों की मौजूदगी रही।

#### शहीद कैप्टन मुकेश को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव की 25वीं पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और परिजनों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके साहस और बलिदान को याद किया ।मेजर जनरल पी.के. तिवारी, कर्नल परितोष विभु तथा एनसीसी निदेशालय उप्र. से कर्नल समीर कटियार समेत कई सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। जूनियर कमीशंड अधिकारियों में सूबेदार हैप्पी काटोच, नायब सूबेदार शमीअर अहमद और नायब सूबेदार ओम बहादुर थापा सहित अन्य सैनिकों ने भी श्रद्धांजलि दी ।इस दौरान शहीद के परिजनों की उपस्थिति ने माहौल को भावुक बना दिया। उनकी माता सरोजनी श्रीवास्तव, भाई रुपेश श्रीवास्तव और अन्य परिवारजन भी इस अवसर पर मौजूद रहे। पूर्व सैनिक अधिकारियों में कर्नल अवनीश सिंह और कर्नल अमिताभ कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। साथ ही 64 एनसीसी बटालियन के कैडेट्स, एलुमनाई और पूर्व सैनिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद के अदम्य साहस को नमन किया।




केडीसिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों का अभिवादन स्वीकारते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, साथ में ब्रजेश पाठक व अन्य।

# 10 खिलाड़ी और पांच प्रशिक्षक सम्मानित

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बटन दबाकर किया सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सांसद खेल महाकुंभ का रिमोट बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने योगासन, ताइक्वांडो और कलारिपयट्टू का प्रदर्शन किया। कलारीपयट्टू टीम के तलवार-ढाल, लाठी, उर्मि शील्ड और हाई किक विधाओं के प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। बाद रक्षामंत्री ने 10 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, पांच प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

15 अप्रैल तक जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो और कलारिपयट्टू नौ स्पर्धाएं होंगी। पहले दिन जूनियर बालक वर्ग की ताइक्वांडो स्पर्धा हुई। अंडर 48 किग्रा भार वर्ग में कैंट के किशन कश्यप प्रथम, उत्तरी विस क्षेत्र के अभिराज श्रेष्ठ द्वितीय और अभय सिंह व मुस्तफा अली तृतीय रहे। अंडर 51 किग्रा भार वर्ग में कैंट के अविरल सिंह पहले, उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंश सिंह दूसरे और मध्य विधानसभा क्षेत्र के अरमान तीसरे स्थान पर रहे। अंडर55 किग्रा भार वर्ग में मध्य विस क्षेत्र के दीपेश वर्मा पहले, पश्चिम के अब्दुल अहद दूसरे और पूर्व के देवेन्द्र तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-59 किग्रा भार वर्ग में मध्य विस क्षेत्र के प्रताप सूर्य सिंह ने पहला इनाम जीता जबकि उत्तरी क्षेत्र के संस्कार दूसरे और कुलश्रेष्ठ व बीरमन प्रताप सिंह तीसरे स्थान पर रहे।



उद्घाटन समारोह में प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### इनको किया गया सम्मानित

- अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी- वुशु खिलाड़ी गजेंद्र सिंह, क्रिकेटर ज्ञानेन्द्र पांडेय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी निहाल गुप्ता व अबू हुबैदा, बास्केटबॉल खिलाड़ी बरखा सोनकर, हॉकी खिलाड़ी आमिर अली व शारदानन्द तिवारी, सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी तनुश्री पाण्डेय व ओम यादव, हैंडबाल खिलाड़ी मोहित यादव, हॉकी प्रशिक्षकरजनीश मिश्रा, वॉलीबॉल प्रशिक्षक विमल द्विवेदी, तैराकी प्रशिक्षक निशित दीक्षित , एथलेटिक्स प्रशिक्षक विमल प्रताप राय, बॉक्सिंग प्रशिक्षक कृपा शंकर के अलावा श्रमिक लालचन्द्र, आजाद, चन्द्रशेखर, मनीराम और रियाजुद्दीन।

### खेलों से देश की पहचान और ताकत भी बढ़ती है

- राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलों से देश की पहचान और ताकत बढ़ती है। उन्होंने कहा किसी भी देश के विकास का पैमाना सिर्फ जीडीपी नहीं, बल्कि खेलों में उसका प्रदर्शन भी होता है। भारत में पिछले एक दशक में खेलों के प्रति माहौल बदला है और अब देश वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां खेल जीवनशैली का हिस्सा है, और भारत को भी उसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। साथ ही खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश का उल्लेख किया। रक्षा मंत्री ने याद दिलाया कि 1948 में आजादी के बाद पहले नेशनल गेम्स का आयोजन लखनऊ में हुए थे ।अब सांसद खेल महाकुंभ इस शहर के खेल कैलेंडर में नई ऊर्जा भर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र है। खेल न सिर्फ शरीर बल्कि मन को भी स्वस्थ रखते हैं और प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक ओपी श्रीवास्तव, विधायक डॉ. नीरज बोरा , विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, निर्मल सिंह, रामचंद्र प्रधान, रक्षा मंत्री के ओएसडीसी केपी सिंह और उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के महासचिव मौजूद रहे।

## आज खरमास खत्म, कल से विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 14 मई तक 16 शुभ मुहूर्त, 17 मई से लग जाएगा मलमास

**अमृत विचारः** एक महीने बाद 14 अप्रैल को सुबह 11:45 बजे सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही 14 मार्च से चल रहा खरमास समाप्त हो जाएगा। 15 अप्रैल से विवाह और अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि 14 मार्च को सूर्य के मीन राशि में चले जाने से खरमास लग गया था। 14 अप्रैल को ये समाप्त हो रहा है। 15 अप्रैल से विवाह और अन्य मांगलिक कार्य आयोजित किए जा सकेंगे। 15 अप्रैल से 14 मई तक विवाह के 16 शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ मलमास लग जाएगा। इस एक महीने में भी विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माना गया है। मलमास को अधिक मास, पुरुषोत्तम मास भी करते हैं। 21 जून से 12 जुलाई तक 12 विवाह मुहूर्त हैं। इसके बाद 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरु हो जाएगा।

### सिटी डायरी



आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद विधायक पल्लवी व अन्य।

#### अपना दल ने निकाला समता मार्च

**अमृत विचार,लखनऊ :** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, बीपी मंडल पुण्यतिथि और डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की स्मृति में अपना दल (कमेरावादी) ने सोमवार को समता संकल्प मार्च निकाला। दारुलशफा के पास शुरू हुआ मार्च हजरतगंज चौराहे पर समाप्त हुआ। वहां मार्च में शामिल लोगों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नेतृत्व कर रहीं सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि महापुरुषों के प्रतीकों की पूजा से अधिक उनके विचारों पर चलना है। उन्होंने कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलकर ही देश और समाज का समग्र विकास संभव है। आरोप लगाया कि सरकार डॉ अंबेडकर के विचारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। यह भी कहा कि अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाले दलों की भूमिका भी संतोषजनक नहीं रही है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीएल पटेल और संचालन प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव ने किया।




हिंद नगर वार्ड में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलातीं महापौर।

#### महापौर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत जोन 8 के हिंद नगर वार्ड में सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने डस्टबिन वितरण किया। उन्होंने नागरिकों से कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। महापौर ने सभी नागरिकों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के बिना स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। महापौर ने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और सभी से अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लेने का आवाहन किया। पार्षद सौरभ सिंह 'मोनू', नामित पार्षद नेहा सिंह, जोनल अधिकारी जोन-8 विकास सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेंद्र गांधी मौजूद रहे।




शांति यात्रा में शामिल भंते व अन्य लोग।

#### हजरतगंज में निकाला शांति मार्च

**अमृत विचार,लखनऊ :** दुनिया में बढ़ते संघर्ष और अस्थिरता के बीच विश्व शांति की कामना को लेकर सोमवार को डॉ. आंबेडकर महासभा ने विश्व शांति मार्च निकाला। डॉ. आंबेडकर महासभा से शुरु हुआ मार्च हजरतगंज स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर समाप्त हुआ। हजरतगंज स्थित प्रतिमा स्थल पर डॉ. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने विचार रखे। अपने आवास पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मार्च में संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं को चीवर दान किया और अनुयायियों को खीर वितरित की।



शिलान्यास के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों के साथ पार्षद शैलेंद्र वर्मा।

#### पेयजल पाइपलाइन कार्य का शिलान्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट द्वितीय वार्ड के गोमती नगर स्थित वास्तु खंड निवासियों को 24 घंटे जलापूर्ति की सुविधा मिलेगी। इसके लिए क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने सोमवार को अमृत योजना 2 के अंतर्गत वास्तु खंड 1 और 2 में पाइपलाइन कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों ने पार्षद का फूल माला पहनाकर आभार व्यक्त किया। पार्षद ने कहा कि योजना वास्तुखंड के वासियों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने जा रही है।

### आयोजन

सहारागंज पीवीआर सिनेमा में कल से होगा लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

# शहर में जुटेंगी फिल्मी हस्तियां, दिए जाएंगे अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** शहर के सहारागंज स्थित पीवीआर सिनेमा में 15 और 16 अप्रैल को लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें सिनेमा जगत की चुनिंदा 12 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। 210 फिल्मों को बेस्ट स्टोरी, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एडिटिंग के अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। ये जानकारी सोमवार को फेस्टिवल के संस्थापक और फिल्म निर्माता, लेखक और निर्देशक अयूब खान ने पत्रकारों को दी। अयूब ने बताया कि अभी तक मुम्बई में सिने ड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजित करते रहे हैं। इस बार आयोजन लखनऊ में करने का निर्णय लिया।

महोत्सव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं और सिनेमाई विरासत को एक वैश्विक मंच



अयूब खान

प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि समारोह में पहले दिन 15 अप्रैल को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक ज्यूरी द्वारा चयनित देश-विदेश की फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। 16 को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक फिल्म स्क्रीनिंग जारी रहेगी। शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक अवार्ड शो आयोजन होगा।

इसमें आसिफ, नौशाद, डॉ. राही मासूम रजा, मजरूह सुल्तानपुरी, दिलीप कुमार, राजू श्रीवास्तव और अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति अवार्ड से राहुल रवैल, विशाल भारद्वाज, पूनम ढिल्लों, रवि किशन, राजपाल यादव, जूही चतुर्वेदी और मनोज मुंतशिर को पुरस्कृत किया जाएगा।

अवार्ड के लिए नामों का चयन जरीना वहाब, पहलाज निहलानी, अनूप जलोटा और सतलुज धीर ने किया है। फिल्म फेस्टिवल के लिए फिल्मों का चयन मेहुल कुमार, एन चंद्रा, सोहम शाह, मनोज जोशी, राकेश बेदी और कमलेश पांडे जैसे अनुभवी ज्यूरी सदस्यों ने किया है।

## सिटी ब्रीफ

### सीएएल जाइंट्स व सीएएल ब्लू जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंडर-13 एपी स्पोर्ट्स क्रिकेट ट्रॉफी के तहत सोमवार को खेले गए मुकाबलों में सीएएल जाइंट्स और सीएएल ब्लू ने जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। ब्लेज विलो ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में सीएएल एलाइट्स ने टॉस जीतकर 25 ओवर में 5 विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में सीएएल जाइंट्स ने आदित्य प्रताप सिंह की 83 रनों की शानदार पारी के दम पर 21.2 ओवर में 3 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में यश साहनी ग्राउंड पर सीएएल ब्लू ने सीएएल इंडिगो को 172 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल ब्लू ने आयुष कुमार (56) और प्रथमेश (47) की पारियों की बदौलत 271 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएएल इंडिगो की टीम 99 रन पर सिमट गई।

### सेंट्रल क्लब व यॉर्कर क्लब ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिंद्रा ग्राउंड पर खेले जा रहे सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन सेंट्रल क्रिकेट क्लब और यॉर्कर क्रिकेट क्लब ने जीत के साथ आगाज किया। पहले मैच में सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 196 रन बनाए। सत्यम पांडेय ने 54 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। जवाब में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 183 रन ही बना सकी। दूसरे मैच में यॉर्कर क्रिकेट क्लब ने 139 रन का लक्ष्य रखा, जिसमें कुशाग्र मिश्रा (42) और समर्थ दीक्षित (38) का योगदान रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब की टीम 72 रन पर सिमट गई। यॉर्कर क्लब ने 67 रन से जीत दर्ज की।

### कियान और अभिराज दूसरे दौर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित मिनी स्टेडियम में सोमवार से आइटा टैलेंट सीरीज अंडर-12 (बालक और बालिका वर्ग) टेनिस टूर्नामेंट का आगाज हो गया। 17 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग के शुरुआती मुकाबले खेले गए। पहले दिन कियान मूलचंदानी (उत्तर प्रदेश) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले मैच में अद्विक जैन (उत्तर प्रदेश) को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं, अभिराज राजपूत (उत्तर प्रदेश) और अजमीत सिंह (उत्तर प्रदेश) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अभिराज ने पहला सेट 6-1 से अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में अजमीत ने वापसी करते हुए 6-2 से जीत दर्ज की। निर्णायक सेट में अभिराज ने बेहतर खेल दिखाते हुए 6-4 से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में आरव वर्मा (यूपी) को प्रवीर तिलक के खिलाफ वॉकओवर मिला, जिसके चलते वह बिना खेले ही अगले दौर में पहुंच गए।

### टीचिंग ओलम्पियाड में मिला दूसरा स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की शिक्षिका रैना सिंह ने इण्टरनेशनल सेन्टा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड में 'स्कूल लीडरशिप कैटेगरी' में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रैंक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में 83 देशों के दो लाख से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 2000 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए हुआ। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रैना सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने उन्हें बधाई दी। हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना बताया कि उन्हें 50,000 रुपये नकद सहित कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

### अवतारों के माध्यम से प्रभु को जानने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, प्रधान कार्यालय के सभागार में आयोजित आध्यात्मिक सभा में सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कहा कि परमात्मा को जानने का सरल माध्यम उनके अवतारों और शिक्षाओं को समझना है। उन्होंने प्रभु राम, कृष्ण, बुद्ध, मुहम्मद साहब, गुरु नानक और बहाउल्लाह जैसे अवतारों के माध्यम से ईश्वर को समझने की बात कही। डा. गांधी ने कहा कि व्यस्त जीवन के कारण मनुष्य प्रभु का स्मरण नहीं कर पाता, लेकिन अवचेतन मन में निरंतर स्मरण से शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से विद्यालयों में प्रार्थना की परंपरा शुरू की गई है, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सभा में अमेरिका से आए थामस हैटमैन, जैकब हैटमैन, राबर्ट गांधी तथा महेश अग्रवाल सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की।

# नेशनल पीजी कॉलेज में बीबीए के दो नए पाठ्यक्रम होंगे शुरू

## महाविद्यालय में 34वीं अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीए एलएलबी, बी.कॉम. एलएलबी, एम.एससी. डेटा साइंस एवं डेटा एनालिटिक्स पाठ्यक्रम भी किए जाएंगे शुरू

**अमृत विचार :** नेशनल पी.जी. कॉलेज में अगले सत्र से बीबीए के दो नए पाठ्यक्रम सहित कई आधुनिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। महाविद्यालय में 34वीं अकादमिक काउंसिल (विद्या परिषद) की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने की। इस दौरान कॉलेज की शैक्षणिक एवं संस्थागत प्रगति से जुड़े बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए कई अहम फैसले लिए गए। विद्या परिषद की बैठक में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम प्रस्तावित किए गए, जिनमें बीबीए (लॉजिस्टिक्स) एवं बी.एससी. (डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स) शामिल हैं।

पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा तथा सतत विकास लक्ष्य के घटकों को भी शामिल किया गया है। सभी पाठ्यक्रमों में स्वयं (SWAYAM) कोर्स जोड़े गए हैं। साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को प्रवेश परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मुख्य एवं लघु शोध परियोजनाओं हेतु कुल 15 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। बैठक के दौरान कुलपति नामित सदस्य द्वारा नए पाठ्यक्रमों के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें बीए एलएलबी, बी.कॉम. एलएलबी, एम.एससी. डेटा साइंस एवं डेटा एनालिटिक्स जैसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम शामिल हैं। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि नए पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले उनकी व्यवहार्यता का गहन अध्ययन किया जाए।

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में इतिहास में जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग, पुरातत्व एवं शहरी अध्ययन में जियोस्पेशियल मैपिंग एवं सैटेलाइट आधारित विश्लेषण का प्रशिक्षण शामिल है। इसके अलावा अभिलेख प्रबंधन, संग्रहालय विज्ञान एवं विरासत पर्यटन जैसे उद्योगोन्मुख कौशल मॉड्यूल भी जोड़े गए हैं, जो रोजगार क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित हैं। डिजिटल एवं दृश्य अभिलेखीकरण के तहत पेंटिंग्स एवं फोटोग्राफ जैसे स्रोतों पर व्यावहारिक कार्य कराया जाएगा, जबकि पर्यावरणीय इतिहास के माध्यम से ऐतिहासिक विकास को वर्तमान जलवायु और सततता के मुद्दों से जोड़ा जाएगा।

### आईक्यूएसी का पुनर्गठन

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बी.कॉम. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। साथ ही पीजी स्तर पर इतिहास विषय शुरू करने तथा एमए (इतिहास) कार्यक्रम का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया।

### विभागीय विस्तार पर रिपोर्ट

इतिहास विभाग ने विद्यार्थियों की बढ़ती मांग के अनुरूप एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल की जानकारी दी। इतिहास विषय में दो वर्षीय परास्नातक (एमए) कार्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव को 16 फरवरी को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में मंजूरी दी गई, जिसके बाद 13 अप्रैल को आयोजित अकादमिक काउंसिल की बैठक में इसे स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्तावित कार्यक्रम को उद्योगोन्मुख एवं भविष्य-केंद्रित पाठ्यक्रम के रूप में तैयार किया गया है।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की उपस्थिति रही, जिनमें कुलपति नामित सदस्य के रूप में प्रो. सी.बी. शर्मा (कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय), प्रो. विग्नेश कुमार (मेरठ विश्वविद्यालय), पद्मश्री प्रो. अनिल रस्तोगी (सीडीआरआई), प्रो. उषा किरण राय एवं प्रो. उमेश सिंह (बीएचयू) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर परिचर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के साथ संयुक्त रूप से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में इग्नू के वरिष्ठ निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि और निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा विशिष्ट अतिथि रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने की।

प्रो. बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए नारी सशक्तिकरण आवश्यक है। परिचर्चा में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तेजस्विनी चक्रवर्ती ने अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। इग्नू की छात्रा नेहा सिंह तथा महाविद्यालय की कोमल शुक्ला, साक्षी बाजपेयी, अदिति शुक्ला, रिम्सा कुरैशी और वर्षा वर्मा ने भी अपने विचार रखे।

इग्नू समन्वयक डॉ. विशाल प्रताप सिंह ने अधिनियम को विस्तार से समझाया। डॉ. अनामिका सिन्हा ने कहा कि नारी प्रतिभा और शौर्य का प्रतिबिंब है और जब नारी नीति-निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगी, तभी भारत सही मायनों में विकसित बनेगा।

# नए कोर्स, वेतनमान और एआई समिति को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में कई अहम फैसले



**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान नवाचार और संस्थागत सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

शिक्षक कल्याण से जुड़े एक अहम निर्णय के तहत स्ववित्तपोषित कार्यक्रमों में विधिवत चयन प्रक्रिया से नियुक्त शिक्षकों को यूजीसी वेतनमान के प्रवेश स्तर 57,700 रुपये पर रखने का निर्णय लिया गया। इससे शिक्षकों में समानता और प्रेरणा बढ़ने की उम्मीद है।

बैठक में बी.एससी. इन कम्प्यूटेशनल एस्ट्रोफिजिक्स नामक नए स्नातक कार्यक्रम को मंजूरी दी गई, जिससे विश्वविद्यालय देश का पहला सरकारी संस्थान बन गया है जो यह पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसके साथ ही तीन वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम के छात्रों के लिए नया पदक और एक लाख रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति स्थापित करने को भी स्वीकृति दी गई।

अंतर्विषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एमएससी इन वाइल्डलाइफ साइंसेज कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया, जो किसी भी विषय से स्नातक छात्रों के लिए खुला रहेगा। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक संस्थानों को संबंधित संकायों से औपचारिक रूप से जोड़ने का फैसला लिया गया, जिससे बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो सके।

कार्य परिषद ने एआई स्टीयरिंग समिति और संस्थागत नैतिकता समिति के गठन को भी मंजूरी दी। इन समितियों के माध्यम से शिक्षा, प्रशासन और शोध कार्यों में आधुनिक तकनीकों और नैतिक मानकों को बढ़ावा दिया जाएगा। पीएम-उषा ढांचे के तहत कार्य परिषद के दो सदस्यों को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल करने का भी निर्णय लिया गया।

ये सभी निर्णय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक संरचना और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।



गेंद पर कब्जा करने का प्रयास करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# गोरखपुर फाइनल में, मथुरा से होगी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में हुए रोमांचक मुकाबले
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेले गए मुकाबले

**अमृत विचार :** लखनऊ में आयोजित टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में सोमवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहले सेमीफाइनल में गोरखपुर राउडीज़ ने नोएडा ब्लास्टर्स को 27-26 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबला बेहद कांटे का रहा और अंतिम 25 सेकंड में कृष्ण ने पेनाल्टी पर निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेले गए इस मैच में आखिरी मिनट तक दोनों टीमें 26-26 की बराबरी पर थीं।

गोरखपुर के लिए मोहम्मद शूजा ने सात गोल किए, जबकि सुनील ने छह और दीपक ने पांच गोल का योगदान दिया। गोलकीपर विवेक पाण्डेय ने भी अहम बचाव किए। नोएडा की ओर से मनकेश ने सात गोल दागे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

दूसरे सेमीफाइनल में मथुरा ब्रज स्टार ने काशी किंग्स को 31-24 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मथुरा के रवि ने नौ गोल कर शानदार प्रदर्शन किया और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर चुने गए। निहाल ने सात और रोहिताश ने छह गोल किए। बेहतर गोल औसत के आधार पर मथुरा ने फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।

दिन के अन्य मुकाबले में बर्बरीक वारियर्स ने गाजियाबाद पैंथर्स को 22-19 से हराया। वारियर्स के मनीष ने आठ गोल किए, जबकि सौरभ को मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर चुना गया।

अब मंगलवार शाम को फाइनल में गोरखपुर राउडीज़ और मथुरा ब्रज स्टार के बीच खिताबी मुकाबला होगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जबकि लीग के संस्थापक अमित पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया।

### 32 मोहल्लों में चलेगा स्कूल चलो जागरूकता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विज्ञान फाउंडेशन की परियोजना उम्मीदों की उड़ान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से आठ दिवसीय स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ चिनहट में पार्षद अरुण राय की ओर से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों से सभी बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। 13 से 21 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी, जुलूस, सर्वे और जनजागरूकता गतिविधियां होंगी। 20 परिषदीय विद्यालयों के सहयोग से 32 मोहल्लों में अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कर सभी के लिए शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### इसरो की युविका परीक्षा में समृद्धि का हुआ चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** माउन्टफोर्ट इंटर कॉलेज की छात्रा समृद्धि कुंवर अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के दो दर्जन से अधिक प्रमाणपत्र प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। अब समृद्धि ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) की ओर से आयोजित युविका परीक्षा को शत-प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण कर एक और उपलब्धि हासिल की है। युविका परीक्षा इसरो का युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम है।



युविका कार्यक्रम के तहत उन स्कूली बच्चों को अवसर दिया जाता है, जो अंतरिक्ष एवं विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखते हैं। इसरो हर वर्ष इस परीक्षा का आयोजन करता है, जिसमें कक्षा 9 के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा में देशभर से 15 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं, जिनमें से केवल 300 से 350 मेधावी छात्रों का चयन किया जाता है। चयनित छात्रों को इसरो की ओर से दो सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसका पूरा खर्च संस्था वहन करती है। युविका परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद समृद्धि कुंवर अब गुजरात के अहमदाबाद स्थित इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में आयोजित दो सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी और अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों को सीखेंगी। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि समृद्धि के पिता प्रो. डीबी सिंह डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सह-संकायाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।

### वंशिका और अश्विनी ने वाद-विवाद में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय के 'संस्कृतिकी डिबेटिंग क्लब' द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय 'उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व को शामिल किया जाना चाहिए' रहा, जिसमें शहर सहित अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग की अध्यक्ष प्रो. नाज़नीं खान ने शिक्षा की बदलती भूमिका और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में वंशिका सक्सेना (पक्ष) और अश्विनी मिश्रा (विपक्ष) ने अपने प्रभावी तर्कों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। तान्या अवस्थी ने सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया, जबकि अंतरराष्ट्रीय छात्रा कुश्मिता देवी ने विपक्ष में सशक्त पक्ष रखा।

# खेल छात्रावास में दाखिले के लिए 15 से शुरू होंगे केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ मंडल के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिला मौका

**अमृत विचार :** खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए सत्र 2026-27 हेतु केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर 15 अप्रैल से शुरू होंगे। क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने लखनऊ मंडल के विभिन्न जनपदों से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। निर्देशों के अनुसार चयनित खिलाड़ियों को 14 अप्रैल तक आवश्यक प्रपत्रों के साथ निर्धारित प्रशिक्षण स्थलों पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। 15 से 29 अप्रैल तक चलने वाले इन शिविरों में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। अनुपस्थित रहने पर वेटिंग सूची के खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा।

लखनऊ मंडल के लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और लखीमपुर खीरी से खिलाड़ियों का चयन किया गया है। क्रिकेट में सूर्यांश सिंह राठौर, ओम सिंह, अनवर हुसैन खान और अरनेश कार्तिक, जबकि हॉकी में धनंजय सिंह, सम्राट तानकर, आदित्य शुक्ला, सौरव भारती, कार्तिकेय द्विवेदी और दिशांत शामिल हैं।

बैडमिंटन में विनायक अग्रवाल, अब्बास रिजवी, सुगंधा, तनु और आशी श्रीवास्तव का चयन प्रयागराज शिविर के लिए हुआ है। एथलेटिक्स में अभिनव सिंह, गौरव वर्मा, कुनाल, अनुभव राज और उपासना का चयन वाराणसी के लिए हुआ है। इसके अलावा जिम्नास्टिक, फुटबॉल, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल के खिलाड़ियों का चयन भी किया गया है। शिविर अयोध्या, वाराणसी, झांसी, अमेठी, सहारनपुर और प्रयागराज में आयोजित होंगे।

कार्यक्रम | विश्वविद्यालय में मनाया जा रहा चार दिवसीय स्थापना दिवस

# स्थापना दिवस पर युवा उद्यमी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्यमिता से समावेशी विकास: बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में पर परिचर्चा

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'उद्यमिता से समावेशी विकास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल तक चार दिवसीय 'अम्बेडकर जयंती' एवं 'स्थापना दिवस' समारोह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है।

कार्यक्रम के तीसरे दिन 'उद्यमिता से समावेशी विकासः बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई के कुलपति प्रो. बद्री नारायण तिवारी उपस्थित रहे।

प्रो. सुनीता मिश्रा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को आधुनिक भारत और सामाजिक न्याय का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की परिकल्पना की। वहीं प्रो. बद्री नारायण तिवारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुणों का विकास करते हुए व्यक्तित्व का पुनर्संरचना करनी चाहिए।

इन उद्यमियों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उद्यमियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें मनीष कुमार, आरती देवी राणा, धर्मेन्द्र कुमार, रेणु चौधरी, डॉ. राजेश गौतम, सुमित्रा सरोज, अरविन्द कुमार, डॉ. रजनीश वर्मा, संगीता, संजय कुमार, अर्चना जैसल और निकिता रावत शामिल रहे।

### छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं 'जिज्ञासा' ने बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) पाठ्यक्रम की छात्रवृत्ति वितरण में असमानता और अनियमितता का आरोप लगाया है। सोमवार को छात्र-छात्राओं के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह को ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की।

अश्वनी, राहुल, आयुष, विशाल, संदीप आदि ने बताया कि जिले में विशेषकर मोहनलालगंज क्षेत्र के विभिन्न आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थानों में बीएएमएस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण में गड़बड़ी सामने आई हैं।

## सिटी डायरी



नियुक्ति की मांग को लेकर नारे लगाते आरक्षित अभ्यर्थी।

### अभ्यर्थियों ने लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से न्याय की गुहार लगाई। सोमवार को वह डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर अटल बिहारी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान बाहर खड़े अभ्यर्थियों ने पोस्टर और नारे लगाकर अपनी मांग रखी। अभ्यर्थियों का आरोप है कि 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में परिणाम आने के बाद आरक्षित वर्ग के साथ अन्याय हुआ। लंबे आंदोलन के बाद 13 अगस्त 2024 को हाईकोर्ट की डबल बेंच ने नियमों के तहत नियुक्ति देने का आदेश दिया था, लेकिन मामला अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता ने कहा कि छह वर्षों से अभ्यर्थी संघर्ष कर रहे हैं, फिर भी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द न्याय दिलाने की मांग की।



कार्यक्रम में मौजूद नर्सें व चिकित्सक।

### रोगियों की सही देखभाल में प्रशिक्षित नर्स की भूमिका अहम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों के लिए आयोजित इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत सोमवार को हुई। कार्यक्रम में रोगियों की बेहतर देखभाल और प्रशिक्षित नर्सिंग कैडर की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह ने कहा कि रोगियों की सही देखभाल में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने किया। यह प्रशिक्षण एक सप्ताह तक चलेगा, जिसमें नर्सिंग नर्सिंग मानकों तथा गुणवत्ता सुधार से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक।

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का मशाल जुलूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षकों ने अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला। केडी सिंह बाबू स्टेडियम से गांधी प्रतिमा हजरतगंज तक निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए और नो टीईटी बिफोर आरटीई" के नारे लगाए। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे ने कहा कि नियुक्ति के समय सभी योग्यताएं पूरी थीं, इसलिए अब टीईटी अनिवार्य करना अनुचित है। विजय कुमार बंधु ने 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट देने की मांग उठाई।



दोनों छात्रों को चेक सौंपते पदाधिकारी।

### गौरव व आध्या को 30 हजार की छात्रवृत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र गौरव मिश्रा और छात्रा आध्या जैन को 'श्री जीपी तिवारी छात्रवृत्ति' के तहत 30-30 हजार रुपये के चेक दिए गए। यह छात्रवृत्ति फ्रीडम फ्रॉम पॉवर्टी ट्रस्ट की ओर से प्रदान की गई। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि योजना 2025-26 से शुरू हुई है, जिसके तहत हर वर्ष एक मेधावी छात्र को पांच वर्षों तक आर्थिक सहायता दी जाएगी।